# डेहरी में नकली हर्बल दवा बनाने के कारखाने का भंडाफोड़

Publish Date:Tue, 26 Mar 2019 07:04 PM (IST)




रोहतास। डेहरी में पुलिस ने नकली हर्बल दवा बनाने के कारखाने का भंडाफोड किया है। नगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी मोहनबिगहा में सोमवार की रात पुलिस ने कारखाना पर छापेमारी कर लाखों की नकली हर्बल दवाइयां और अन्य प्रोडक्ट्स बरामद की है। वहां से भारी मात्रा में विभिन्न कंपनियों के जब्त हर्बल प्रोडक्ट्स असली है या नकली, इसकी जांच के लिए एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है। पुलिस के अनुसार पश्चिमी मोहनबिगहा में रमेश कुमार नामक व्यक्ति विभिन्न कंपनियों के नकली प्रोडक्ट्स अपने घर में तैयार कर खुलेआम मार्केट में सप्लाई करता था। इस मामले में ब्रांड प्रोटक्शन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी की सूचना पर की गई छापेमारी में पुलिस द्वारा जब्त की गई दवाई एवं प्रोडक्ट में मैक्लोड्स लिमिटेड, ज्यूफिक बायो साइंस, एल्केम लैबोरेट्रीज लिमिटेड, वकहर्ट लिमिटेड, आरबीलिमिटेड आदि कंपनी के रॉ मैटेरियल, पैकिग मशीन, ढक्कन, सीसी, रैपर आदि बरामद हुए हैं। जिसमें डिटॉल हैंडवॉश का 100 एवं 200 एमएल के प्रोडक्ट्स, सेफरिन नामक ओरल सस्पेंशन एवं स्ट्रेच निल नामक प्रेगनेंसी स्ट्रेच मार्क्स का हर्बल लोशन शामिल है। जब्त माल की कीमत करीब दस से पंद्रह लाख रुपए बताई जा रही है।

इस मामले में ब्रांड प्रोटक्शन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के एमडी मुस्तफा हुसैन ने कंपनी की नकली दवाइयां बनाने और बेचने के विरूद्ध नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष कामख्या नारायण सिंह ने कहा कि मामले में एक्सपर्ट की मदद ली जा रही है, ताकि यह पता चल सके कि वह माल कहां से आया और असली है या नकली है। मौके से कारखाना संचालक समेत धंधे में शामिल अन्य लोग भागने में सफल रहे। जिनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/bihar/rohtas-factory-bust-19075288.html